# राष्ट्रीय पर्व पर खुले में बिकती रही शराब

## जिम्मेदार राज्यपाल को देते रहे सेवा, माफिया दोगुना पैसा करने के लिये परोसते रहे शराब



शराब बिक्री के संबंध में जब प्रबंधक कमल सिंह को सूचना दी तो कहते है अभी तक रास्ते में हूँ। दुकान पहुंचकर देखता हूं। हमने उन्हे वायरल वीडियो भेजा। फिर श्री सिंह कहते है दुकान बंद रहेगी, तो भीड़ लगती ही है। अपन कल मिल लेते है।

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 16 अगस्त** शराब दुकानों पर प्रतिबंध के बावजूद राष्ट्रीय पर्व पर धड़ल्ले से शराब की ब्रिकी होती रही। दुकानदारों ने यह कारनामा दुकानों के पीछे के दरवाजे से किया। सुबह से ही दुकानों पर भीड़ उमड़ती रही। वही जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तत्वों का निर्वाहन करने से बचते रहें। और अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे के पाले में डालते रहे। आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पचमढ़ी आएं माननीय राज्यपाल की आवभगत में सेवा देते रहे। जिसका फायदा उठाकर शराब माफिया शराब परोसकर रूपएं दोगुना करने में लग रहे। मीडिया ने पुलिस को सूचना दी तो अधिकारी कहते है, यह काम आबकारी विभाग का है। जब आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूचना दी तो कहते है हमारी ड्युटी पचमढ़ी में लगी है। इसलिए आप पुलिस को सूचना दें। जिसका फायदा शराब ठेकेदार उठाता रहा। आपको बता दे कि भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और गांधी जयंती के अवसर पर ड्राय डे घोषित किया जाता है। इस अवसर पर शराब की ब्रिकी पर पूर्णत: प्रतिबंध रहता है। जिसके बावजूद शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर नयाखेड़ा और नदी मोहल्ला स्थित दोनों दुकानों से शराब की बिक्री जारी रही। ठेकेदार के कर्मचारी दुकान के पीछे से लाकर शराब बेचते रहे।

**शराब बिक्री का वीडियो हुआ वायरल** - शराब बिक्री के संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें शराब दुकान के दो कर्मचारी (पहला सफेद बनियान और काले रंग की हॉफ लोबर पहने है। जबकि दूसरा लाल रंग की टीशर्ट और काली पेंट पहनकर) नयाखेड़ा स्थित कम्पोजिट देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान के सामने खड़े है। लाल टीशर्ट में खड़े कर्मचारी आते-जाते लोगों निगरानी करते हुए दिखाई दे रहा है। जबकि सफेद बनियान वाला कर्मचारी ग्राहको से उनकी डिमांड पूछता और रूपये लेकर दुकान के पीछे चला जाता है। कुछ देर बाद हाथ में शराब की बोतल लेकर आता है और ग्राहक को दे देता है।

**प्रबंधक का कहना अपन कल मिल लेते है** - शराब बिक्री के संबंध में जब प्रबंधक कमल सिंह को सूचना दी तो कहते है अभी तक रास्ते में हूँ। दुकान पहुंचकर देखता हूं। आधे घंटे तक जब जवाब नही मिला तो हमने उन्हे वायरल वीडियो भेजा। फिर श्री सिंह कहते है दुकान बंद रहेगी, तो भीड़ लगती ही है। अपन कल मिल लेते है। हमने कहा अभी क्यों नही, तो कहते है अभी हम एक गांव तरफ आ गए है और कॉल कट कर देते है।

# अव्यवस्था : कहीं तिरंगा उल्टा फहराया, कहीं रास्ता ही खराब

### आजादी के पर्व को औपचारिकता समझा

**जीरापुर 16 अगस्त. नगर सहित आसपास क्षेत्र में स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. नगर में मुख्य समारोह स्थल पर ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुरीबाई कालुसिंह तोमर ने किया तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सीईओ रणजीत रघुवंशी ने पढ़ा. प्रात: विशाल प्रभात फेरी निकाली. मुख्य समारोह स्थल पर परेड सलामी जनपद अध्यक्ष ने दी.**

व्यवस्था में कहीं न कहीं कमी का अभाव झलका परेड का रास्ता अव्यवस्थित होकर ऊबड़-खाबड़ एवं परिसर में कीचड़ नजर आया. जबकि राष्ट्रीय पर्व को उत्साह एवं गरिमा मय मनाने के लिए इन त्योहारों से पहले वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक की जाती है. जनपद पंचायत परिसर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुरीबाई-कालुसिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया. नगर परिषद में श्रीमती अनुसूया कुशवाह ने ध्वज फहराया जहां पर अध्यक्ष प्रतिनिधि



पवन कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर परिषद विकास के प्रति तत्पर है. विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा सिटी पोर्शन में सड़क निर्माण एवं सौंदरीकरण के कार्य स्वीकृत करवाये जो शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करवाये जायेंगे. तहसील कार्यालय में तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, कृषि उपज मंडी समिति में सचिव हरीप्रसाद वर्मा, विपणन सहकारी संस्था में प्रबंधक बीरमसिंह चौहान, थाना परिसर में टीआई रवि ठाकुर ने होटल नक्षत्र में जगदीश वर्मा ठेकेदार ने ध्वज फहराया.

**ध्वज उल्टा फहराया**

जीरापुर 16 अगस्त, सं. छापीहेड़ा नाका के समीप महिला जाग्रति सामुदायिक सहयोग संस्था नाईहेड़ा में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया. 15 अगस्त 25 स्वंतत्रता दिवस पर महिला जागृति सामुदायिक भवन में जो ध्वज फहराया गया. वहां पर नियमों को ताक में रखकर अपने स्टाफ के साथ राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) को उल्टा फहराया गया, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर लापरवाही का मामला है. तिरंगे का उल्टा फहराना न केवल राष्ट्रीय ध्वज संहिता का उल्लंघन है, बल्कि यह देश की गरिमा और गौरव के प्रति असम्मान को भी दर्शाता है. सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस संस्था में राष्ट्रीय ध्वज भी निर्धारित समय पर नहीं फहराया गया था ऐसी जानकारी मिली. आनन फानन में उल्टा तिरंगा फहरा कर चले गए. इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों और समाज सेवियों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया. हालांकि संस्था की ओर से इसे एक मानवीय त्रुटि बताया गया है. जानकारी के मुताबिक उक्त संस्था के अधिकारी द्वारा लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करके दंडात्मक कार्रवाई की जावेगी.

# पिकअप की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

## ग्राम मुख्तारनगर से बाइक पर जा रहे थे पति- पत्नी और दो बच्च

**सीहोर. जिला मुख्यालय के समीपस्थ बिलकिसगंज मार्ग स्थित ग्राम पिपलिया मीरा के समीप शनिवार की दोपहर एक पिकअप चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि इस लोमहर्षक हादसे में पिता और ढाई साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि महिला और आठ माह की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुख्तारनगर निवासी 25 वर्षीय शाहरूख आ. मजीद खां अपनी पत्नी नाजिया और दो बच्चों



के साथ बाइक क्रमांक एमपी 37 एमवाय 8898 से बिलकीसगंज मार्ग पर जा रहा था. बताया जाता है कि जैसे ही वह पिपलिया मीरा के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बुलेरो पिकअप एमपी 09 जेडवाय 9734 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. नतीजतन हादसे में शाहरूख की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी नाजिया और ढाई साल का बालक आवान व आठ माह की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से शाहरूख की पत्नी नाजिया और बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया. बताया जाता है कि रास्ते में ढाई साल के मासूम आवान ने भी दम तोड़ दिया.

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पिकअप का चालक काफी तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था. बाइक में टक्कर मारने के बाद भी पिकअप सड़क से उतर गई थी. गनीमत रही कि वह किनारे पर लगे खजूर के पेड़ से टकराकर रूक गई, अन्यथा गहरे गड्डे में गिर सकती थी.

# शूटिंग चैम्पियनशिप में अर्नव ने 5 पदक जीते

**खिलीचपुर 16 अगस्त, सं.** मध्यप्रदेश राज शूटिंग अकादमी भोपाल के तत्वधान में मऊ इंदौर में अयोजित 28 वीं मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में खिलचीपुर के होनहार खिलाड़ी अर्नव दशोरे ने 5 पदक अपने नाम किये अर्नव को 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ मेंस टीम में गोल्ड पदक ;25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में सिल्वर मेडल ;25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल जूनियर मेंस में सिल्वर; 50 मीटर फ्री स्टाइल पिस्टल से सीनियर मेंस में सिल्वर ;तथा 50 मीटर फ्री स्टाइल पिस्टल जूनियर मेंस में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया. इस उपलब्धि पर माता, पिता, परिजनों एवं इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की. खिलचीपुर निवासी अर्नव दसोरे विगत 3 वर्षो से अभिनव बिंद्रा मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी रातीबड़ भोपाल में रहकर सतत अभ्यास करते हुए शूटिंग के गुर सीख रहे हैं.

# नकाबपोश लुटेरों ने 5 किमी तक किया पीछा

## खिलचीपुर के उपडाकपाल से लूट का प्रयास, हाईवे पर किया पीछा

**नवभारत न्यूज**

**खिलीचीपुर 16 अगस्त. खिलचीपुर में गुरुवार रात एक फिल्मी अंदाज की वारदात हुई. दो नकाबपोश बाइक सवारों ने डाकघर के उपडाकपाल सचिन मालवीय ( 25 ) पर लाठी से हमला कर दिया. खून से सने होने के बावजूद सचिन ने 5 किलोमीटर तक बाइक दौड़ाकर बदमाशों से बचाव किया. सचिन मालवीय मूल रूप से छापीहेड़ा के निवासी हैं और भंवर कॉलोनी, राजगढ़ में रहते हैं.**

25 सितंबर 2024 से वह खिलचीपुर उपडाकघर में पदस्थ हैं. गुरुवार रात करीब 8 बजे पोस्ट ऑफिस बंद कर वे राजगढ़ लौट



रहे थे. उनके पास एक बैग था, जिसे देखकर बदमाशों ने शक किया कि इसमें डाकघर की नकदी है. सिर पर लाठी का वार, खून से लथपथ स्थिति में भी भागे. सचिन बड़े पुल से धामन्या जोड़ की ओर जा रहे थे कि पीछे से आए बाइक सवारों ने बराबरी में आकर उनके सिर पर जोरदार लाठी से वार किया. सिर फटने के बावजूद सचिन रुके नहीं और बाइक मोड़कर पूरी रफ्तार से खिलचीपुर की ओर भाग निकले. करीब 5 किलोमीटर भागने के बाद, रहवासी क्षेत्र में प्रवेश करते ही बदमाश फरार हो गए. सचिन खून से सने हाल में अपने साथी कर्मचारी के घर पहुंचे, जहां से उन्हें खिलचीपुर अस्पताल लाया गया. सिर में 8 टांके लगे और गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया. सचिन ने बताया कि वह अक्सर डाकघर का केस लेकर आते-जाते थे, संभवत: इसी वजह से बदमाशों ने लूटपाट की नियत से योजना बनाई। खिलचीपुर पुलिस ने अस्पताल में उनका बयान दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है.

# कर्बला की याद में निकले ताजिया



**टीकमगढ़.** शुक्रवार को देर शाम चेहल्लुम पर्व का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिया निकाले गए। नगर भ्रमण के बाद सभी ताजियों को किले का मैदान में एकत्र किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु ताजिया दर्शन के लिए पहुंचे।

मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल रज्जाक ने बताया कि चेहल्लुम शहीद कर्बला की याद में हर वर्ष मनाया जाता है।

# लव जिहाद के विरोध में आज इछावर नगर बंद का किया आव्हान

**इछावर.** दो दिन पहले सीवन नदी किनारे अश्लील हरकत करते पकड़े गए युवक-युवती को बजरंग दल ने पुलिस को सौंपा था.बताया जाता है कि आरोपी मोहसिन, राहुल बनकर महिला से दोस्ती और संबंध बनाकर धर्म परिवर्तन का दबाव डाल रहा था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार व धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में केस दर्ज किया है.

जानकारी अनुसार सीहोर शहर के प्रमुख इलाके सीवन नदी किनारे दो दिन पहले एक सनसनीखेज़ वाक्या सामने आया. एक युवक खुलेआम एक महिला के साथ अश्लील हरकत करता दिखा, जिसे देखकर राहगीरों का खून खौल उठा. मौके पर मौजूद लोगों ने न केवल युवक-युवती को रोका, बल्कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को भी सूचना दी.

# जमीन को लेकर भाई की हत्या एक घंटे में हिरासत में आया

**सारंगपुर 16 अगस्त.** शहर के वार्ड क्रमांक 1 में जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया. हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 1 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. मामला शुक्रवार सुबह 7 बजे के आसपास का है. पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि किडी रोड पर कमल पुष्पद की उसके भाई बाबूलाल ने हत्या कर दी है व मौके से भाग गया है. घटना की गंभीरता को देखते हुये तत्काल थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया. फरियादी भगवानसिंह पिता दरियाबसिंह पुष्पद उम्र 50 साल निवासी किडी रोड की रिपोर्ट पर आरोपी बाबूलाल पिता मांगीलाल पुष्पद, सोनाबाई पति बाबूलाल पुष्पद के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बजारा, एसडीओपी अरविन्द सिह के निर्देशन में आरोपीयों की गिरफतारी हेतु थाना प्रभारी आंकाक्षा हाडा मय फोर्स के तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया व हमराह गये फोर्स को आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया गया.

आरोपी बाबूलाल पुष्पद एवं उसकी पत्नि सोनाबाई पति बाबूलाल पुष्पद निवासी किडी रोड सारंगपुर को तारागंज कालेज के पास से गिरफतार किया गया. दोनो आरोपीयो से पुछताछ करने पर जमीनी विवाद के कारण कमल पुष्पद की कुल्हाडी से हत्या करना बताया एवं जुर्म कबूल किया.

# नाबालिग का अपहरण करने वाला गया जेल

**भैरूंदा.** एक नाबालिग का अपहरण करने के आरोपी को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को उसके चुंगल से आजाद कराने में सफलता हासिल की है. आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है. जानकारी के अनुसार गत 10 अगस्त को नाबालिग के गुम होने की शिकायत परिजनों ने थाने में दर्ज कराई थी. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी. पुलिस ने मुखबिर और तकनीकी सहायता से अपहृता और आरोपी शिवा सरसवाल को को इंदौर रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया. पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ अन्य धाराएं व पाक्सो एक्ट लगाया गया. पीड़ितों को परिजनों को सौंपा गया जबकि आरोपी को जेल भेजा गया है.

# संदिग्ध हालत में नवोदय स्कूल की छात्रा की मौत

**टीकमगढ़. कुंडेश्वर में पीएम श्री नवोदय स्कूल में 11वीं की छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। गुरुवार शाम को हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग से आस्था अहिरवार का शव लटका मिला था। शव मिलते ही नवोदय स्कूल सहित आस-पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी लगते ही पुलिस ने आगे की कार्यवाही कर विवेचना शुरू कर दी है।**

घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को छात्रा के पिता कृष्ण कुमार अहिरवार ने कहा कि बेटी ने सुसाइड नहीं किया। उसकी हत्या कर उसका शव लटका दिया गया। स्कूल प्रबंधन मामले को दबाने में लगा हुआ है। दो दिन पहले ही बेटी से बात हुई थी। वह अपने छोटे भाई के साथ 15 अगस्त को घर आने वाली थी। लेकिन उसका शव घर पहुंचा। बेटी का अधिकारी बनाने का सपना टूट गया है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि पेट दर्द की शिकायत के कारण आस्था उस क्लास में नहीं गई थी और हॉस्टल में ही रुक गई थी।

अब पुलिस जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही इस घटना के पीछे की असली वजह सामने आने की उम्मीद है। पलेरा थाना क्षेत्र के टोरिया गांव निवासी कृष्ण कुमार अहिरवार ने बताया कि गुरुवार रात जब वे स्कूल पहुंचे तो उनकी बेटी का शव सीढ़ियों पर लटका था। उनको जिस अवस्था में शव मिला है उस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रस्सी की स्थिति पिता के अनुसार गले में बंधी रस्सी केवल एक हाथ लंबी और बहुत पतली थी। उनका मानना है कि अगर आस्था ने खुद फांसी लगाई होती तो झटके से रस्सी टूट सकती थी।

**संगठन** ▶ कांग्रेस नेतृत्व ने गुना, राजगढ़ में संगठन को मजबूत करने लिया बड़ा निर्णय

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन से पहली बार आम कांग्रेसी खुश..!

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 16 अगस्त, का. राजगढ़ और गुना जिलाध्यक्ष की कमान दो युवा पूर्व मंत्री को सौंपी है. राजगढ़ जिलाध्यक्ष पद पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रियवृत सिंह एवं गुना जिलाध्यक्ष की कमान जयवर्धन सिंह को सौंपी गई है.**

दोनों ही युवाओं को जिलाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी में खासा उत्साह है, विशेषकर युवा कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष देखा जा रहा है.गुटबाजी और जातिवाद से परे हटकर लिए फैसले का हो रहा स्वागत.

कांग्रेस की राजनीति में जिला इंकाध्यक्ष के पद के लिए हुआ चयन अनेक अर्थो में पार्टी को मजबूत करने का आधार बनता नजर आ रहा है.पहली बार गुना और राजग? जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओ में खुशी का वातावरण देखने को मिल रहा है.

यह सर्व विदित है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिला इंकाध्यक्ष के निर्णय में अपनी प्रभावी भूमिका निभाई है. उन्होंने पर्यवेक्षक के माध्यम से दोनों जिलों के करीब डेढ़ लाख कार्यकर्त्ता के विचार जानकार उनकी पसंद को महत्व दिया है. राहुल गांधी ने भोपाल में यह स्पष्ट किया था कि वें संघठन को मजबूत बनाना चाहते है. उन्होंने इसके लिए वर्तमान में संघठन की नींव मजबूत कर उस पर भविष्य में सत्ता का महल बनाने की कल्पना की है. पहली बार राजगढ़ और गुना जिले में कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्त्ता की आवाज को महत्व दिया गया है. कांग्रेस ने जातिवाद से हटकर निर्णय लेकर आम कार्यकर्त्ता को संघठन से दिल पूर्वक जुड़ने का अवसर दिया है. राजगढ़ और गुना जिले में कांग्रेस को ऐसे नेतृत्व की भी



जरूरत थी जो सशक्त, निडर व विचारधारा के साथ मजबूती के साथ जुडा हुआ हो. दो दशकों से प्रदेश में सत्ता से बाहर रहने वाली कांग्रेस के लिए करो या मरो के सिवाय कुछ नहीं बचा है. इसलिए कांग्रेस ने ऐसे मजबूत नेताओं को संघठन की कमान सोपी है जो न तो कभी विचार धारा से समझौता करेंगे और न ही एकला चलो की नीति पर चलेंगे. कहने को यह माना जा सकता है कि कांग्रेस ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को तरजीह दी है. क्योंकि गुना जिले की कमान उनके सुपुत्र जयवर्द्धन सिंह को दी गई है जबकि राजगढ़ जिले की कमान उन्हीं के परिवार के सदस्य प्रियवृत सिंह को सोपी है. लेकिन हकीकत बड़ी रोचक और चौकाने वाली है. राजगढ़ हो या गुना दोनों जिले के निर्णय में कांग्रेस नेतृत्व से दिग्विजय सिंह ने न तो अपनी कोई राय दी है और न ही सहमति अथवा असहमति जताई है. गुना जिले में ज्योतिरादित्व सिंधिया और राजगढ़ में भाजपा संघठन को चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने दोनों युवा तुर्क नेताओं को वर्तमान हालातों में उपयुक्त माना है ऐसा लगता है. यह सभी जानते है कि प्रियवृत सिंह और जयवर्द्धन सिंह जहाँ जुझारू और अनुभवी नेता के साथ ही अपनी वाकपटुता तथा शासन प्रशासन के साथ संघर्ष करने के लिए है जाने जाते है वहीं दोनों का पारिवारिक रिश्ते कांग्रेस से निलंबित हुए पूर्व सांसद लक्ष्मण से है. इनके बहाने कांग्रेस ने लक्समण सिंह की भी हवा निकाल दी है जो कांग्रेस को चुनौती देने के बयान दे रहे थे. कुल मिलाकर यह निर्णय कांग्रेस के लिए फायदेमंद और कार्यकर्त्ता के लिए उत्साह का संचार करने वाला माना जा रहा है.

**आमजन में है दोनों नेताओं की पेठ**- पूर्व मंत्री प्रियवृत सिंह एवं जयवर्धन सिंह ऐसे युवा नेता है जिनकी पार्टी के भीतर तो अपनी एक अलग ही छाप है वहीं दोनों अपनी सहज, सरल एवं मिलनसार प्रवृत्ति के चलते आमजन में भी काफी लोकप्रिय है. कार्यकर्ताओ के अनुसार पार्टी को आज ऐसे सक्रिय एवं सभी को साथ में लेकर चलने वाले युवा नेतृत्व की जरुरत थी. यही कारण है कि पार्टी ने दोनों ही युवा नेताओं को जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद की कमान सौंपी.

# 'ठाकरे जी ने हजारों कार्यकर्ताओं को गढ़ा'

### कुशाभाऊ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद

**बैतूल, 16 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर बैतूल विधानसभा क्षेत्र के खेड़ीसांवलीगढ़ ग्रामीण मंडल में बूथ भारत भारती क्रमांक 32 एवं गंज मंडल के बूथ क्रमांक 110 जवाहर वार्ड स्थित कुशाभाउ ठाकरे पार्क में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शामिल होकर पितृपुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया.**

इस अवसर पर श्री खंडेलवाल ने कहा कि कुशाभाउ ठाकरे अनुशासन प्रिय, सहज,सरल और साईकल पर चलते हुए संगठन को गढने वाले शिल्पी की तरह याद किए जाते है




मध्यप्रदेश में जन्में श्री ठाकरे का संगठन के प्रति समर्पण आज के कार्यकर्ताओ के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला है। उन्होने कहा कि ठाकरे जी ने मध्य प्रदेश में भाजपा संगठन के विस्तार और असंख्य कार्यकर्ताओं को गढने का कार्य किया है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि ठाकरे जी एवं अटल जी का योगदान अविस्मरणीय है। उनका महान व्यक्तित्व और व्यक्तित्व हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अटल जी के महान व्यक्तिव व दूर दृष्टि के चलते भारत शक्तिशाली बनकर उभरा। अब विकसित भारत में भी अटल जी के विचार सरकार का मार्ग प्रशस्त करते है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी, रामलाल रौतेल अध्यक्ष राज्यस्तरीय कोल जन जाति प्राधिकरण, नंदकिशोर पाटिदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मिश्रा, पवन शर्मा, लोकेश साहू, डिकलेश साहू, जवाहर वार्ड के पार्षद विकास प्रधान, सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।